# प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

**परियोजना का नाम– जनपद चमोली में पी0एम0जी0एस0वाई0 फेज–XIV के अन्तर्गत बकरिया बैण्ड से छिमटा मोटर मार्ग का निर्माण।**

आज दिनाँक 02/08/19 एवं 03/08/19 को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पी0आई0यू0 कर्णप्रयाग के द्वारा **बकरिया बैण्ड से छिमटा लिंक** तक बनाये जाने वाले मार्ग हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री बादर सिंह कठैत –वन दरोगा, श्री बसन्त लाल– वन दरोगा, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री सचिन कुमार–सहायक अभियन्ता एवं श्री धीरेन्द्र सिंह अपर सहायक अभियंनन्ता तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में श्री बलवन्त सिंह– ग्राम प्रधान बेडी तल्ली, श्री जमन सिंह सरपंच छिमटा एवं स्थानीय निवासी श्री कर्ण सिंह, श्री मकड सिंह व बुद्वि सिंह आदि के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 7700 मी0 नाप भूमि, 4300 मी0 वन पंचायत भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण के चयन में कुल 6.9300 हे0 नाप भूमि, तथा 3.3025 हे0 वन पंचायत भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 3. 3025 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी ।

इस समरेखन पर लगभग 846 वृक्ष, जो कि चीड,बॉज,बुरॉश,काफल,पदम, अंयार, एवं मेहल प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे। जिनमें से 485 बांज प्रजाति के वृक्ष प्रभावित होंगे। जिनका विवरण निम्न प्रकार है–

| भूमि का प्रकार | 0–10 तक व्यास के बांझ वृक्षों की संख्या | 10 से अधिक व्यास के बांझ वृक्षों की संख्या | योग |
|---|---|---|---|
| वन पंचायत भूमि– बेडी तल्ली,चोरडा छिमटा एंव डोल्टू | 90 | 395 | 485 |
| | | | |

अन्य प्रजातियों के वृक्षों का विवरण निम्न प्रकार से है–

| भूमि का प्रकार | 0–10 तक व्यास के अन्य प्रजाति के वृक्षों की संख्या | 10 से अधिक व्यास के अन्य प्रजाति के वृक्षों की संख्या | योग |
|---|---|---|---|
| वन पंचायत भूमि– बेडी तल्ली,चोरडा छिमटा एंव डोल्टू | 198 | 163 | 361 |
| | | | |

उपरोक्तानुसार वन भूमि में प्रभावित होने वाले वृक्ष जिनका व्यास 10 से अधिक है की कुल संख्या 558 वृक्ष है, जिसमें से 395 वृक्ष बांझ प्रजाति के हैं। मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि

Scanned by CamScanner

हस्तानान्तरण प्रस्ताव 7.00 मी0 चौडाई में तैयार किया गया है तथा वृक्षों की गणना 7.00 मी0 की चौडाई में की गयी है।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 5600 मी0 नाप भूमि, 3650 मी0 सिविल भूमि से, 2750 मी0 वन पंचायत भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण के चयन में कुल 5.040 हे0 नाप भूमि, 2.550 हे0 सिविल भूमि, 1.9250 हे0 वन पंचायत भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 4.72 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर लगभग 1373 वृक्ष ( चीड,बॉज,बुरॉश,काफल,पदम, अंयार, एवं मेहल) इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त समरेखण वन पंचायत बेडी तल्ली, वन पंचायत चोरडा, वन पंचायत छिमटा, एंव वन पंचायत डोल्टू से गुजरेगा/में स्थित है। इन कक्षों की वर्तमान वन आच्छादन (Dense Forest) है एवं इन चीड,बॉज,बुरॉश,काफल,पदम, अंयार, एवं मेहल प्रजाति के वन हैं। प्रभावित होने वाली नाप भूमि वृक्ष विहीन हैं

चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 79°14'33.953"E 30°8'22.279"N है तथा यह स्थल राष्ट्रीय राजमार्ग 87 विस्तार के बकरिया बैण्ड से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल चोरडा ग्राम है जिसका GPS मान 79°14'55.071"E 30°6'30.864"N है। चुने गये समरेखण के बीच के स्थलों के GPS मान 79°14'52.842"E 30°7'42.319"N, 79°14'31.823"E 30°6'35.099"N, 79°14'11.838"E 30°6'40.023"N, 79°14'42.935"E 30°6'30.365"N , 79°15'0.156"E 30°6'35.333"N हैं।

चयनित समरेखन में किसी भी प्रजाति के पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक नहीं होगा ।

चयनित उपयुक्त समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नहीं है ।

चयनित उपयुक्त समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु 10 स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान निम्न.हैं:-

1) 79°14'33.789"E, 30°8'20.678"N 2) 79°14'21.636"E, 30°8'21.007"N
3) 79°14'45.850"E, 30°7'52.459"N 4) 79°14'50.261"E, 30°7'24.824"N
5) 79°14'26.172"E, 30°7'7.808"N 6) 79°14'32.312"E, 30°6'35.028"N
7) 79°14'9.071"E, 30°6'47.019"N 8) 79°14'6.122"E, 30°6'35.771"N
9) 79°14'45.960"E, 30°6'34.986"N 10) 79°14'59.430"E, 30°6'35.000"N

अन्य आवश्यक विवरण ..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि | (वन विभाग) प्रतिनिधि | (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि | (अन्य दावेदार) प्रतिनिधि | (जन प्रतिनिधि) |

प्रभागीय वनाधिकारी
केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग
गोपेश्वर।

Scanned by CamScanner